# Bihar Board Class 6 Social Science History Notes Chapter 2 क्या, कब, कहाँ और कैसे?

पाठ का सारांश

- सिक्कों आ अध्ययन मुद्राशास्त्र कहलाता है।
- डा० स्पूनर ने पटना के कुम्हरार नामक स्थान में खुदाई द्वारा ‘ चन्द्रगुप्त के राजमहल के स्तंभ खोज निकाले हैं।
- पूरे विश्व में एक मानक के रूप में तिथि की गणना ईसा मसीह के जन्म तिथि से की जाती है ।
- भौगोलिक दृष्टिकोण से भारत को मुख्यतः चार भागों में विभाजित किया जा सकता है-उत्तर के पर्वतीय प्रदेश, उत्तर का मैदान,
- दक्षिण का पठार और सूद्रर दक्षिण के मैदान ।
- दुष्यन्त पुत्र भरत के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा है।
- ईरानियों और यूनानियों ने सिन्धु नदी को हिंदोस अथवा इंडोस और इस नदी के पूर्व स्थित प्रदेश को ‘इण्डिया’ कहा ।
- इतिहास के माध्यम से हम अपने अतीत के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं।
- शिकारियों, पशुपालकों, कृषकों, शासकों, व्यापारियों, वैज्ञानिकों आदि के जीवन के बारे में इतिहास से हमें पता चलता है ।
- मानव जीवन के इतिहास को तीन काल खंडों में विभाजित किया गया है-
    1. प्राचीन काल
    2. मध्य काल
    3. आधुनिक काल ।
- प्राचीनकाल के अध्ययन का समय मानव जाति के विकास से लेकर 8 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक माना जाता है ।
- वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से लगभग 18वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक के काल को माना जाता है।
- आधुनिक काल का प्रारंभ 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से होता है।
- भारत में आधुनिक शिक्षा स्वास्थ्य, संचार तथा शासन की नवीन प्रणाली का विकास 18 वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हुआ था।
- भारत को 1947 ई० में आजादी मिली।
- अतीत की जानकारी हमें पुरातात्विक अवशेषों, महाकाव्यों, अभिलेखों आदि से मिलती है।


https://www.evidyarthi.in/